मध्यप्रदेश माध्यम
(मध्यप्रदेश शासन का उपक्रम)
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल–462011
टेलीफोन नं0 0755– 2551910, 2551330

# गणतंत्र दिवस समारोह, 2013, नई दिल्ली के लिये मध्यप्रदेश की झांकी निर्माण एवं प्रदर्शित करने के लिये निविदाएं आमंत्रित हैं

## निविदा प्रपत्र एवं शर्तें

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि | – | 25.09.2012 (समय 1.30 बजे अपरान्ह तक) |
| 2. | निविदा प्रपत्र जमा की अंतिम तिथि | – | 25.09.2012 समय 3.00 बजे तक |
| 3. | निविदा खोलने की तिथि | – | 25.09.2012 समय 4.00 बजे अपरान्ह |
| 4. | धरोहर राशि रूपये | – | 35,000/– (रू. पैंतीस हजार मात्र) |
| 5. | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये | – | 500/– (रूपये पांच सौ मात्र) |

मध्यप्रदेश माध्यम
(मध्यप्रदेश शासन का उपक्रम)
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल–462011
टेलीफोन नं0 0755– 2551910, 2551330

**गणतंत्र दिवस समारोह, 2012 नई दिल्ली के लिये मध्यप्रदेश की झांकी निर्माण एवं प्रदर्शित करने के लिए निविदाएं आमंत्रित हैं**

मध्यप्रदेश माध्यम द्वारा म.प्र. शासन के लिए गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2013 समारोह, नई दिल्ली में प्रदर्शित की जाने वाली मध्यप्रदेश की चलित झांकी के टर्न–की बेसिस पर निर्माण एवं प्रदर्शन के लिए इच्छुक, प्रतिष्ठित, उक्त समारोह में झांकी के लिए कम से कम 2 पुरस्कार विजेता एवं उक्त अवसर पर नई दिल्ली में झांकी संबंधी कार्यों का कम से कम 5 वर्षों का अनुभव रखने वाली फर्मों से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। झांकी के संबंध में म.प्र. माध्यम कार्यालय, भोपाल से कार्यदिवसों में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। झांकी के मॉडल एवं झांकी निर्माण में लगने वाली समस्त सामग्री सहित निर्माण की एकजाई दरें निविदा में दी जाये। निविदा प्रपत्र एवं शर्तें रू0 500/– (रूपये पांच सौ मात्र) नगद जमा कर (जिसकी वापसी नहीं होगी), कार्यालयीन दिनों में फर्म के लेटरहेड पर आवेदन पत्र देकर इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। मध्यप्रदेश माध्यम की वेबसाइट www.mpmadhyam.in से भी इसे डाउनलोड किया जा सकता हैं, लेकिन निविदा जमा करते समय निविदा फार्म की कीमत रूपये 500/– (रूपये पांच सौ मात्र) मध्यप्रदेश माध्यम के नाम से भोपाल में देय डिमॉड ड्राफ्ट द्वारा निविदा के साथ जमा करनी होगी।' सीलबंद निविदाएं दिनांक 25.09.12 अपरान्ह 1.30 बजे तक इस कार्यालय में जमा की जा सकती है। प्राप्त निविदाएं इसी दिन अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदाकर्ताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा के साथ रू. 35,000/– (पैंतीस हजार रूपये) प्रतिभूति राशि जमा करना अनिवार्य होगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार मध्यप्रदेश माध्यम के प्रबंध संचालक के पास सुरक्षित रहेगा।

## मध्यप्रदेश माध्यम, भोपाल

**गणतंत्र दिवस समारोह 2012, नई दिल्ली हेतु चलित झांकी निर्माण एवं प्रदर्शन करने हेतु निविदा प्रपत्र–शर्तें** :–

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस समारोह 2013 हेतु दिल्ली में प्रदर्शित की जाने वाली मध्यप्रदेश की चलित झांकी के निर्माण करने वाली फर्मों से दिनांक 25.09.2012 को अपरान्ह 3.00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं 25.09.2012 को अपरान्ह 4.00 बजे खोली जायेंगी।

1. निविदाकर्ता अपनी निविदा के साथ प्रतिभूति राशि 'मध्यप्रदेश माध्यम' के नाम से भोपाल में देय रूपये 35,000/– का किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के बैंकर्स चैक/डिमाण्ड ड्राफ्ट (निविदा प्रकाशन के बाद बना हो), संलग्न करें। प्रतिभूति राशि के बिना निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी एवं निविदा स्वतः ही निरस्त मानी जावेगी।

2. निविदाकर्ता को गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय समारोह, नई दिल्ली के अवसर पर चलित झांकी निर्माण कार्यों का कम से कम 5 वर्षों का अनुभव होना आवश्यक है। विगत 5 वर्षों का कार्य करने के अनुभव के प्रमाण–पत्र निविदा के साथ संलग्न किये जायें। निविदाकर्ता को गणतंत्र दिवस समारोह, नई दिल्ली के लिए चलित झांकी निर्माण एवं प्रदर्शन के लिए पूर्व के 5 वर्षों में से किन्हीं 2 वर्षों में 2 पुरस्कार विजेता होना आवश्यक है। झांकी को प्राप्त पुरस्कार के प्रमाण पत्र की फोटोप्रतियां निविदा के साथ संलग्न की जाये।

3. निविदाकर्ता को झांकी संबंधी समस्त कार्य टर्न–की बेसिस पर करने होंगे। निविदाकर्ता को दी जाने वाली थीम के आधार पर झांकी का मॉडल बनाना होगा। रक्षा मंत्रालय की झांकी समिति द्वारा झांकी के अनुमोदित मॉडल के अनुसार झांकी का निर्माण करना होगा।

4. जिन कलाकारों/शिल्पकारों द्वारा झांकी निर्माण के दौरान मार्गदर्शन एवं निर्देशन किया जावेगा, निविदाकर्ता अपनी निविदा के साथ उनका सहमति पत्र तथा इस तरह के कार्य बाबत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे।

5. निविदाकर्ता यह सुनिश्चित करेगा कि झांकी अनुमोदित मॉडल के अनुसार आवश्यक होने पर उपयुक्त लाइव मॉडल (अनुमानित 20 मॉडल) को ड्रेस सहित एवं झांकी की थीम के अनुरूप शिक्षित कर झांकी में प्रस्तुत करेंगे। उक्त लाइव मॉडल एवं उनके द्वारा समस्त कार्य प्रदर्शन की व्यवस्था भी निविदाकर्ता को करना अनिवार्य है। इनका समस्त व्यय निविदाकर्ता को वहन करना होगा। समस्त लाइव मॉडल, समस्त नर्तक कलाकारों का एवं समस्त लेबर्स के पुलिस व्हेरिफिकेशन निविदाकर्ता द्वारा करवाना होगा।

6. निविदाकर्ता अपनी निविदा के साथ फर्म का पंजीयन प्रमाण पत्र, आयकर विभाग का स्थाई लेखा (पैन नं.) संख्या, सर्विस टैक्स पंजीयन क्रमांक एवं वैट पंजीयन क्रमांक (वैट/सर्विस टैक्स लागू होने पर) की छायाप्रति संलग्न करें।

7. निविदाकर्ता अपनी निविदा तीन लिफाफों में प्रस्तुत करेंगे। लिफाफों पर **''गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर नई दिल्ली में निर्मित की जाने वाली चलित झांकी हेतु निविदा''** अंकित करेंगे तथा लिफाफों में रखी गई सामग्री का उल्लेख करेंगे।

(अ) पहला लिफाफा : प्रतिभूति राशि रूपये 35,000/– (किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी बैंकर्स चैक अथवा डिमॉड ड्राफ्ट)

(ब) दूसरा लिफाफा : झांकी निर्माण का अनुभव के प्रमाण पत्र, कलाकार, शिल्पकार के प्रमाण पत्र, झांकी निर्माण में प्राप्त किये गये पुरस्कार के प्रमाण पत्र, फर्म के जीवित पंजीयन का प्रमाण पत्र, आयकर विभाग का स्थाई लेखा संख्या (पैन नं.), सर्विस टैक्स क्रमांक की छायाप्रति अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जाये। लिफाफे पर इन सभी प्रपत्रों की एक सूची बनाकर लगायी जाये।

(स) तीसरा लिफाफा : पूर्ण रूप से भरा गया निविदा प्रपत्र जिसमें झांकी निर्माण एवं प्रदर्शन कार्य की दरें, समस्त व्यय एवं समस्त टैक्स सहित दी जाये। दरों के अलावा कोई और भुगतान देय नहीं होगा।

इन तीनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में सीलबंद करके जमा किया जावे।

8. निविदाकर्ता को निविदा के समस्त पृष्ठों पर ''सहमत हूँ'', शब्द अंकित करते हुए अपने प्रतिष्ठान की सील सहित हस्ताक्षर कर शर्तों को अपनी निविदा के साथ संलग्न करना होगा।

9. निविदा के निर्णय को प्रभावित करने वाला कोई भी तथ्य छुपाये जाने को संबंधित निविदाकार की अपात्रता मानी जावेगी।

10. झांकी निर्माण के लिए निर्धारित राशि का भुगतान तीन समान किश्तों में किया जावेगा यथा प्रथम किश्त का भुगतान स्ट्रक्चर निर्माण पूर्ण होने पर, दूसरी किश्त का भुगतान फुल ड्रेस रिहर्सल के पश्चात ग्रुप लीडर/म.प्र. माध्यम की ओर से झांकी प्रभारी के प्रमाण पत्र के आधार पर किया जायेगा तथा तीसरी किश्त का भुगतान रक्षा मंत्रालय की एन.ओ.सी. प्राप्त होने के पश्चात किया जावेगा।

11. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का सम्पूर्ण अधिकार प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश माध्यम, भोपाल के पास सुरक्षित रहेगा तथा इस संबंध में प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश माध्यम, भोपाल के निर्णय अंतिम एवं सर्वसंबंधित पक्षों के लिए बंधनकारी होंगे। इसके विरूद्ध किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं किया जावेगा। किसी भी प्रकार के विवाद के लिए न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।

12. सशर्त निविदाएं स्वीकार नहीं की जावेंगी।

13. विभागाध्यक्ष अथवा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा समय–समय पर निर्माण कार्य के दौरान अवलोकन कर निर्देशित किया जाता रहेगा तथा रक्षा मंत्रालय के सक्षम अधिकारियों एवं संस्कृति विभाग, नई दिल्ली द्वारा दिये गये निर्देश भी निर्माणकर्ता को मान्य करने होंगे। विभागाध्यक्ष अथवा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निर्माण, कार्य सही पाये जाने पर ही झांकी को प्रदर्शन की अनुमति दी जावेगी तथा प्रदर्शन उपरांत ही निर्माणकर्ता को भुगतान देने के लिए विभाग उत्तरदायी होगा।

14. निर्धारित समय के पश्चात, बिना प्रतिभूति राशि/मांगे गये प्रमाण पत्रों के बिना/अपूर्ण/अस्पष्ट/अनसील्ड तथा काट–छांट वाली निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा तथा इन्हें निरस्त करते हुए धरोहर राशि वापस कर दी जावेगी।

15. झांकी के प्रदर्शन उपरांत केवल उपयोगी सामग्री पर म.प्र. माध्यम का अधिकार होगा, जिसे बताये गये स्थान पर पहुंचाना होगा।

16. यह निविदा प्रपत्र अहस्तांतरणीय है।

17. झांकी के निर्माण एवं उसकी सजावट में उपयोग में लाये गये सामान की गुणवत्ता व मजबूती में किसी भी प्रकार की कमी पाये जाने पर झांकी प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जावेगी एवं निर्माता की प्रतिभूति राशि राजसात कर किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं किया जावेगा।

18. झांकी निर्माण के दौरान विषय वस्तु को उभारने की दृष्टि से निर्माण/सजावट के दौरान यदि परिवर्तन करना आवश्यक हुआ तो उसके संबंध में कार्यालय के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यथा समय निर्माता को सूचित किया जावेगा। यह कार्य मूल कार्य का ही अंग माना जावेगा, जिसके लिए कोई अतिरिक्त भुगतान हीं किया जावेगा।

19. निविदाकर्ता द्वारा निर्मित की जाने वाली झांकी की कार्ययोजना तथा कार्य हेतु जिस सामग्री का उपयोग करेंगे, उसका उल्लेख करना अनिवार्य है। झांकी का कोई भाग विभाग की रूपरेखा/डिजाइन/कार्ययोजना के अनुसार न होने पर निर्माता को सही और संतोषजनक नया निर्माण अपने खर्चे पर करना होगा। यह कार्य मूल कार्य का ही अंग माना जावेगा एवं इसका कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जावेगा।

20. झांकी के 20 (इंच) के दो रंगीन फोटोग्राफ (26 जनवरी 2013 की परेड के अवसर के) मय फ्रेम के म.प्र. माध्यम में प्रस्तुत करने होंगे।

21. झांकी के लिए दरें – झांकी का मॉडल निर्माण, झांकी निर्माण की सामग्री, झांकी निर्माण कार्य, लेबर चार्जेस, समस्त टैक्स, समस्त कलाकारों, लाइव मॉडल्स के पारिश्रमिक,दिल्ली जाने–आने, भोजन, ठहरने, ड्रेस, ट्रांसपोर्टेशन आदि समस्त व्यय दरों में शामिल करके एकजाई दरें दी जाये।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर ....................................................
निविदाकर्ता का नाम ..........................................................
पूर्ण पता ..................................................................................
..............................................................................................
..............................................................................................
टेलीफोन नं. ............................................................................
मोबाइल नं. ..............................................................................
फर्म की सील ..........................................................................

## मध्यप्रदेश माध्यम, भोपाल

निविदा प्रपत्र क्रमांक :
मूल्य : 500/-

## गणतंत्र दिवस समारोह 2013, नई दिल्ली के लिये झांकी निर्माण एवं प्रदर्शन हेतु निविदा प्रपत्र

1. निविदाकर्ता का नाम : ..........................................................................................
2. फर्म का नाम : ..................................................................................................
3. पत्र व्यवहार का पता : ........................................................................................
   ..........................................................................................................................
4. दूरभाष क्रमांक/मोबाईल : ....................................................................................
5. आयकर स्थाई लेखा क्र. : ....................................................................................
6. फर्म का स्थापना/पंजीयन प्रमाण पत्र क्रमांक ...................... दिनांक ........................
7. फर्म का सर्विस टैक्स पंजीयन क्रमांक ............... ................. दिनांक ........................
8. वैट पंजीयन क्रमांक ................................................................ दिनांक ........................
9 झांकी निर्माण के लिये दरें (समस्त व्यय एवं टैक्स सहित) :-
   (अंको में) ..........................................................................................................
   (शब्दो में) ..........................................................................................................

10. प्रतिभूति राशि : रूपये 35,000/- बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक क्र. ................................
    दिनांक ..................................बैंक का नाम ..................................................................

मैंने इस निविदा में संलग्न सभी नियम एवं शर्तें पढ़कर समझ ली है तथा सभी नियम एवं शर्तों से सहमत हूँ। म.प्र. माध्यम द्वारा दिये गये निर्धारित आकल्पन एवं प्रादर्श के अनुसार झांकी निर्माण करने को मैं तैयार हूँ। मैं समय-समय पर अधिकारियों द्वारा दिये निर्देशों का पालन करूंगा।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर ..............................
निविदाकर्ता का नाम ...................................
(फर्म की सील सहित) .................................

संलग्न : संलग्न/चेक लिस्ट –

(अ) पहला लिफाफा – धरोहर राशि

1. धरोहर राशि का बैंकर्स चैक डिमाण्ड ड्राफ्ट

(ब) दूसरा लिफाफा – दस्तावेज

1. आयकर स्थाई लेखा संख्या (पैन कार्ड) की छायाप्रति
2. फर्म का स्थापना/पंजीयन प्रमाण–पत्र
3. फर्म का सर्विस टैक्स पंजीयन का प्रमाण पत्र
4. वैट पंजीयन का प्रमाण पत्र
5. अनुभव प्रमाण पत्र (पिछले 6 सालों के)
6. झांकियों को प्राप्त पुरस्कार के प्रमाण–पत्र
7. कलाकार/शिल्पकारों से संबंधित प्रमाण पत्र एवं पुलिस व्हेरीफिकेशन संबंधी पत्र
8. अन्य

(स) तीसरा लिफाफा – निविदा प्रपत्र एवं दरें

1. पूर्ण रूप से भरा गया निविदा प्रपत्र एवं दरें